APP-A
Crim-I

FORM No. III
फर्द अहकाम
(नियम 26)

अज अदालत SDM मुकाम KOTA

कैलाशचन्द बनाम राज्य

किस्म मुकदमा 136 LRA नं. 118 सन् 2025

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए
27/9/25	ग्राम सेवा शिविर 2025 के तहत आयोजित कैम्प स्थान ग्राम पंचायत डोल्या में प्रार्थी कैलाशचंद पुत्र बिरधा की ओर से प्रार्थना पत्र राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत पेश कर निवेदन किया है कि ग्राम गिरधरपुरा (बोरकुई) की जमाबंदी खाता संख्या 20 में कैलाश पुत्र बिरधा दर्ज है। जबकि प्रार्थी का असली एवं सही नाम कैलाशचंद पुत्र बिरधा दर्ज है। अतः राजस्व रिकॉर्ड में नाम सही दर्ज किये जाने की कृपा करे। प्रार्थना पत्र के सम्बंध में तहसीलदार लाडपुरा से जॉच रिपोर्ट प्राप्त की गई। रिपोर्ट में तहसीलदार लाडपुरा द्वारा कैलाश पुत्र बिरधा का राजस्व रिकॉर्ड में नाम कैलाशचंद पुत्र बिरधा किये जाने की अनुशंषा की है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार कर ग्राम गिरधरपुरा (बोरकुई) की जमाबंदी खाता संख्या 20 में कैलाश पुत्र बिरधा के स्थान पर कैलाशचंद पुत्र बिरधा दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। उक्त निर्णय आज दिंनाकः 27.09.2025 को मेरे द्वारा लिखा जाकर ग्राम सेवा शिविर 2025 के तहत आयोजित कैम्प स्थान ग्राम पंचायत डोल्या में सुनाया गया। (गजेन्द्र सिंह) उपखण्ड अधिकारी कोटा	